FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

**प्रेस नोट थाना रसूलपुर दिनांक 13.06.2026 जनपद फिरोजाबाद।**

**थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर मारकर यात्रियों की जान जोखिम मे डालने वाले 01 नफर वाँछित बाल अपचारी को हिरासत मे लेकर मा0 जेजे कोर्ट भेजा जा रहा है।**

- **पूर्व में दो बाल अपचारियों को दिनांक 12-06-2026 को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की जा चुकी है।**

- **दिनांक 11.06.2026 को प्र0नि0 रेलवे द्वारा सूचना नोट करायी गयी कि गाडी सं0 12003 स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस अप जब पेमेश्वर गेट के खम्बा नम्बर 1230/05 निकट से गुजर रही थी तभी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रेलवे गाडी पर पत्थर मारकर ट्रेन का विन्डो ग्लास तोड दिया , जिससे रेलवे गाडी मे बैठे यात्रियो की जान जोखिम मे आ गयी। उक्त घटना के सम्बन्ध मे थाना रसूलपुर पर मु0अ0स0 322/26 धारा 152 रेलवे एक्ट पजीकृत कराया गया है।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर फिरोजाबाद मके निकट पर्यवेक्षण में उक्त घटना के अनावरण के लिये क्षेत्राधिकारी नगर तथा क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व मे थाना प्रभारी रसूलपुर, दक्षिण, लाइनपार व एसओजी, सर्विलान्स सहित 10 टीमों का गठन किया गया। उक्त टीमों द्वारा लगातार लगभग 50 से अधिक सीसीटीवी फुटैज देखे गये जिनमे ट्रेन के ट्रैक पर कूडा बीनने वाले तीन बाल अपचारी द्वारा कूडा बीनते समय ट्रैक के पास से पत्थर उठाकर स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन पर फेंका गया था जिससे ट्रेन के विन्डो का ग्लास टूट गया जिससे यात्रियों की जान जोखिम मे आ गयी। उक्त घटना मे पुलिस टीमों द्वारा सीसीटीवी फुटेज, पतारसी सुरागरसी से 03 बाल अपचारियों का नाम प्रकाश मे आया था जिसमें दिनांक 12.06.2026 को समय करीब 09.30 बजे दो बाल अपचारियों को हिरासत पुलिस मे लिया गया। तथा तीसरे बाल अपचारी की तलाश जारी थी। जिसे आज दिनांक 13.06.2026 को लालपुर मण्डी के पास से समय करीब 10.20 बजे नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर हिरासत पुलिस में लिया गया है। बाल अपचारी को आवश्यक कार्यवाही कर मा0 जेजे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा बाल अपचारी**

01 नफर बाल अपचारी

**थाना रसूलपुर पर पंजीकृत मुकदमे के अलावा अन्य आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 342/25 धारा 305/317(2) बीएनएस थाना उत्तर फिरोजाबाद ।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम</u>**

1. प्र0नि0 श्री प्रदीप कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 श्री जितेन्द्र कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 श्री निशान्त कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
4. है0का0 712 शैलेन्द्र सिंह थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।
5. का0 868 योगेन्द्र सिंह थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।
6. रि0का0 1203 आकाश कुमार थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।